तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 9 मार्च 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 चैत्र नवरात्रि की तैयारियां शुरु



## खबर संक्षेप

### संभाग के 101 प्रकरणों की महा जनसुनवाई आज

**अम्बिकापुर**। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च से 13 मार्च तक प्रदेश के सभी 33 जिलों में महा जनसुनवाई सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 9 मार्च को सरगुजा संभाग के प्रकरणों की महा जनसुनवाई जिला पंचायत सभाकक्ष, अम्बिकापुर में आयोजित की जाएगी। इस दौरान सरगुजा संभाग अंतर्गत जिला सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया एवं मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिलों से संबंधित कुल 101 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। महा जनसुनवाई छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की गठित न्यायपीठ की अध्यक्षता में आयोजित होगी, जिसमें आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक, सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया एवं सदस्य सुश्री दीपिका शोरी उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला संरक्षण अधिकारी, सखी केंद्र के केंद्र प्रशासक, परामर्शदाता, मिशन शक्ति के कर्मचारी, पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी, विधि विभाग के अधिवक्ता, आयोग के सचिव रमेश साहू सहित आयोग कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे।

### आवासीय बालिका कबड्डी अकादमी में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल 15 को

**अम्बिकापुर**। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार स्वर्गीय बीआर यादव राज्य प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर में संचालित आवासीय बालिका कबड्डी अकादमी में शिक्षा सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सरगुजा जिले की इच्छुक एवं पात्र बालिका खिलाड़ी भाग ले सकती हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चयन ट्रायल 15 मार्च को एक दिवसीय आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल स्वर्गीय बीआर यादव राज्य प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई, जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित होगा। चयन प्रक्रिया में 11 से 13 वर्ष आयु वर्ग (सब-जूनियर) की बालिका खिलाड़ी ही सम्मिलित हो सकेंगी। सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला सरगुजा ने बताया कि चयन ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को आवागमन का व्यय स्वयं वहन करना होगा। विभाग द्वारा खिलाड़ियों के लिए आवास की व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई जाएगी, जबकि ट्रायल के दौरान एक समय का भोजन विभाग द्वारा प्रदान किया जाएगा।

### जड़ी बूटी पीने से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर**। जड़ी बूटी पीने से गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। एक माह पूर्व युवक को कुत्ता ने काटा था जिस पर परिजन ने युवक को रेबीज का पूरा इंजेक्शन के बाद गांव में एक वैद्य से जड़ी बूटी पिलाया जिसके बाद युवक की तबियत बिगड़ गई थी। कृष्णापुर निवासी संजय कुमार आ. आलम सिंह (36 वर्ष) को 19 जनवरी को गांव में आवारा कुत्ता ने काट लिया था। जिस पर परिजन ने अस्पताल में रेबीज का पूरा इंजेक्शन लगवाया। इसी बीच होली के दूसरे दिन परिजन युवक को जड़ी बूटी पिलाने के लिए ग्राम बकिरमा लेकर वैद्य के पास गए। वैद्य ने पहले खुद ही जड़ी बूटी से बनी दवा को पिया उसके बाद युवक को पीने के लिए दिया। जैसे ही युवक जड़ी बूटी की दवा पी उसके बाद उसे उल्टी होने लगा। लगातार उल्टी होने से युवक की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई तो परिजन उसे लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



रमज़ान मुबारक

उन्नीसवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.08 बजे

कल की सेहरी - 4.47 बजे

### हर दिन 25 से 30 यूनिट खर्च

# ब्लड की कमी से जूझ रहा मेडिकल कॉलेज अस्पताल, महज 40 यूनिट ही उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एक बार फिर से ब्लड के संकट से जूझ रहा है। आलम यह है कि 550 बिस्तर के अस्पताल में महज 40 यूनिट ही ब्लड उपलब्ध है। बड़ी बात यह है कि अस्पताल में ब्लड सेपरेटर मशीन आने के बाद भी इसका सदुपयोग नहीं हो पा रहा है और और ब्लड सेपरेट करने में समस्या उत्पन्न हो रही है। यही वजह है कि अस्पताल में नियमित रूप से खून की कमी बनी हुई है। ऐसे में अब अगर जल्द ही अस्पताल को ब्लड डोनर नही मिलते तो यहां आने वाले मरीजो की जान संकट में पड़ सकती है।

**खास बात**

- रक्त की कमी के कारण सेपरेटर मशीन का भी नहीं हो पा रहा उपयोग

बता दें कि संभाग के इकलौते और सबसे बड़े अस्पताल राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय में सरगुजा के साथ ही आस पास जिलों और पड़ोसी राज्यों से भी उपचार कराने के लिए मरीज पहुंचते है। 550 बिस्तर के इस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन सड़क दुर्घटना, प्रसव के साथ ही अन्य गंभीर बीमारियों, सिकल सेल, थैलेसेमिया के मरीज आते है और इन मरीजों को अस्पताल प्रबंधन को निःशुल्क रिक्त उपलब्ध कराना पड़ता है। अस्पताल में प्रतिदिन 25 से 30 यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है। इतने बड़े अस्पताल में न्यूनतम 100 यूनिट ब्लड उपलब्ध होना चाहिए लेकिन यहां महज 40 यूनिट ब्लड ही मौजूद है और यही वजह है कि अस्पताल ब्लड की कमी से जूझ रहा है। ब्लड की कमी के कारण प्रबंधन की परेशानी बढ़ गई है तो वहीं मरीजों को भी रक्त की कमी के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।





#### कर रहे है प्रयास

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ब्लड बैंक से नियमित रूप से मरीजों को निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया जाता है और एक्सचेंज में कम ही ब्लड वापस आता है। लोगों को जागरुक होने की जरुरत है। रक्तदान शिविर के माध्यम से कमी को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही ब्लड सेपरेटर मशीन के उपयोग से मरीजों को भी काफी राहत मिलेगी।

डॉ. आरसी आर्या, अधीक्षक

#### एक साल में 19 सौ यूनिट फ्री

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ब्लड मूलरूप से ब्लड डोनेशन कैंप के माध्यम से ही बड़ी मात्रा में उपलब्ध हो पाता है। इसमें से भी ज्यादातर ब्लड सड़क दुर्घटना के मरीजों, गर्भवती माताओं को निःशुल्क प्रदान करना पड़ता है। अस्पताल में एक माह में न्यूनतम 50 से 60 यूनिट ब्लड सिकलिंग और थैलेसेमिया के मरीजों को जाता है। अस्पताल प्रबन्धन का कहना है कि उनके बहुत कम ब्लड ही एक्सचेंज में मिलता है। यही वजह है कि वर्ष 2025 में कुल 17 सौ यूनिट ब्लड डोनेशन से आया तो 19 सौ यूनिट ब्लड निःशुल्क वितरित कर दिया गया। वहीं जनवरी, फरवरी माह में अधिकतम 200 यूनिट ब्लड ही डोनेशन में आया तो जनवरी माह में 168 यूनिट ब्लड मरीजो को दिया गया जबकि फरवरी में भी मरीजों को बड़ी मात्रा में ब्लड निःशुल्क प्रदान किया गया। ऐसे में प्रबंधन भी मान रहा है कि ये संकट बड़ा है और इससे निपटने सामूहिक प्रयाश की जरूरत है ताकि ब्लड की जरूरत पूरी करा जान बचाई जा सके।

#### ब्लड सेपरेटर मशीन भी नहीं आ रहा काम

ब्लड की कमी से जूझ रहे अस्पताल में समस्या से निजात के लिए ब्लड सेपरेटर मशीन लगाया गया है लेकिन जनवरी माह में इसकी स्थापना के बाद अब तक महज 35 यूनिट ही ब्लड का सेपरेशन किया गया। अस्पताल की ब्लड बैंक की अधिकारी डॉ. जगरानी लकडा का कहना है कि ब्लड सेपरेटर मशीन का बैग 450 एमएल का है जबकि पूर्व में सामान्य ब्लड निकालने वाला बैग 350 एमएल का होता था। 450 एमएल के बैग को भरने के लिए ब्लड डोनर का वजन कम 55 किलोग्राम से अधिक होना चाहिए। वर्तमान में सेपरेटर मशीन से पैक्ड रेड ब्लड सेल, फ्रेस फ्रोजेन प्लाज्मा और प्लेटलेट निकालने का काम चल रहा है लेकिन डोनर की कमी के कारण इसमें समस्या आ रही है।



## अभियान चलाकर 12 घंटे में पकड़े गए 25 स्थाई वारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले में लम्बे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत महज 12 घंटे के भीतर पुलिस ने जिलेभर में कुल 25 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में सर्वाधिक 9 वर्षों से फरार चल रहा स्थायी वारंटी भी शामिल है।

- बलरामपुर जिले में की गई कार्रवाई

बता दें कि बलरामपुर एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने कानून व्यवस्था और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने अपराधियों पर नियंत्रण रखने के लिए जिलेभर में स्थाई वारंटियों और गिरफ्तारी वारंटियों की धर पकड़ के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना व चौकी क्षेत्रों में अलग अलग टीमों का गठन किया गया था। 8 मार्च की भोर के 3 बजे से पुलिस ने व्यापक पैमाने पर अभियान चलाकर 12 घंटे के भीतर कुल 25 वारंटियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें थाना रामानुजगंज से सर्वाधिक 8 वारंटी, थाना कोतवाली बलरामपुर से 5 वारंटी, थाना शंकरगढ़ से 5 वारंटी, थाना कुसमी से 2 वारंटी, थाना पस्ता से 2 वारंटी, थाना रामचंद्रपुर से 1 वारंटी तथा चौकी विजयनगर से 2 वारंटी तामिल है। गिरफ्तार वारंटियों में कुछ वारंटी 8-9 वर्षों से फरार चल रहे थे। वहीं जिले की सरहदें झारखण्ड, उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश राज्य से लगी हुई है, जिससे असामाजिक तत्वों के प्रवेश करने की स्थिति बनी रहती है। कानून-व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा आमजनों में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से पूरे जिले में थाना-चौकी प्रभारी के माध्यम से नशेड़ियों, गुण्डा व निगरानी बदमाशों, माफी बदमाश, असमाजिक तत्वों, बैंक एटीएम, सर्राफा दुकान, लाज एवं दाबा को लगातार चेक कर उन्हें सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। इस दौरान गुंडा, निगरानी, माफी बदमाशों को आपराधिक कृत्यों से दूर रहने की कड़ी समझाइश दी गई है। एसपी श्री बैंकर ने चेतावनी दी है कि किसी भी अनैतिक गतिविधि में शामिल होना पाए जाने पर पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## एक साथ दो दुकानों में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

एक ही रात में कपड़ा और एग्रो दुकान में चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की नगदी रकम भी बरामद की है। आरोपी ने पकड़े जाने के डर से चोरी किए गए कपड़ो को जला दिया। बता दें कि बतौली मुख्य मार्ग पर संतोष गुप्ता के जय माता दी एग्रो दुकान से 3 मार्च की रात शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने काउन्टर में रखा 70 हजार रूपए नगद चोरी कर लिया था। इसके साथ ही इसी रात बतौली मुख्य मार्ग में संचालित योगेश गुप्ता के मंजू साड़ी, हरि फैशन और योगेश क्लाथ नामक संचालित दुकान का ताला तोड़कर काउन्टर में रखा 50 हजार रूपए नगद, दुकान में मौजूद पेंट-शर्ट व साड़ी की चोरी की गई थी। दोनों ही मामलों में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 305(ए), 331(4), 238 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। सिलसिलेवार की गई इस चोरी के मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा जांच के दौरान संदेह के आधार पर बतौली डूमरपारा निवासी 43 वर्षीय अशोक मरावी आ. कमला प्रसाद मरावी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने ही दोनों दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था आरोपी ने चोरी की रकम को खर्च करने और पकड़े जाने से बचने के लिए कपड़ो को जलाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी से चोरी की रकम से शेष 25 सौ रुपए नगद बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई अपराधिक मामले दर्ज है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली विवेक सेंगर, सउनि संजय गुप्ता, नारायण सिंह मरावी, प्रधान आरक्षक रविश लकड़ा, अनूप कुजूर, वीरेंद्र बंजारे, आरक्षक राजू कुजूर, जोगी बड़ा, हिमांशु पाण्डेय सक्रिय रहे।

## सरकार स्पष्ट करे ड्रग पैडलर और अफीम की खेती करने वालों में क्या संबंध : बाल कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेलगाम है उसी तरह भाजपा सरकार आने के बाद नशे का कारोबार भी बेलगाम है। एक ओर राजस्व की चाह में प्रदेश की सरकार गली-गली में शराब दुकान खोल रही है वहीं दूसरी ओर भाजपा नेताओं के हाथ सूखे नशे के दलदल में फंसे हुए दिख रहे हैं। जिस प्रकार केंद्र की भाजपा सरकार के संरक्षण में अदानी का मुंद्रा पोर्ट नशीले पदार्थों के कारोबार का केन्द्र बना है उसी प्रकार प्रदेश की भाजपा सरकार के संरक्षण में विजय ताम्रकार जैसे लोग खुलेआम अफीम की खेती कर रहे हैं।

- भाजपा नेता द्वारा अफीम की खेती किए जाने को लेकर कांग्रेस ने बोला हमला

उक्त बातें श्री पाठक ने रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। दुर्ग जिले के समोद में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार द्वारा की जा रही अफीम की खेती का राज खुलने के बाद पीसीसी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया और सरकार पर जमकर हमला बोला। सूखे नशे के कारोबारियों को सरकार के संरक्षण की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि सरकार विधानसभा में नव्या मलिक सहित फर्जी आईबी अधिकारी सहित अनेको पैडलरों के नाम को देने से बच रही हैं। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिये कि इन ड्रग पैडलर और अफीम की खेती करने वाले भाजपा नेता में क्या संबंध है। उन्होंने इस खराब स्थिति के लिये जिम्मेदार गृह मंत्री विजय शर्मा के तत्काल इस्तीफे की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के रहते प्रदेश में नशे के कारोबार पर लगाम लगा हुआ था लेकिन पिछले 13 महीने के दौरान प्रदेश में नारकोटिक्स के 2599 प्रकरण दर्ज हुए हें। स्थिति भयावह है, प्रदेश के चप्पे-चप्पे में सूखे नशे का कारोबार फैल रहा है। जब इस कारोबार में भाजपा का ही नेता शामिल हो तो जाहिर है कि कारोबार को सत्ता का भी संरक्षण प्राप्त है। पूरे प्रदेश के नाबालिग बडी मात्रा में इस नशे की चपेट में आते जा रहे हैं।



## साइबर सेल की मदद से मिले 18 गुम मोबाइल

**मनेन्द्रगढ़**। सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देश और पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में साइबर सेल मनेन्द्रगढ़ द्वारा गुम हुए मोबाइल फोनों की खोज के लिए विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान 1 फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित किया गया। इसमें साइबर टीम ने सफलता हासिल की। अभियान के दौरान साइबर सेल टीम ने तकनीकी संसाधनों और सूझबूझ का उपयोग करते हुए कुल 18 गुम मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 57 हजार रूपए बताई गई है। बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए उनके वास्तविक मालिकों को विधिवत सुपुर्द कर दिया गया है। अपने खोए हुए मोबाइल फोन वापस पाकर नागरिकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मोबाइल धारकों ने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका गुम हुआ मोबाइल दोबारा मिल पाएगा, लेकिन मनेन्द्रगढ़ पुलिस और साइबर सेल की तत्परता और तकनीकी प्रयासों से यह संभव हो सका।

## 355 ग्राम पंचायतें और 2 नगरीय निकाय बाल विवाह मुक्त घोषित

**अम्बिकापुर**। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करते हुए वर्चुअल माध्यम से महतारी वंदन योजना की 25वीं किस्त की राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में महिला सम्मेलन सह बाल विवाह मुक्त पंचायत-नगरीय निकाय उद्घोषणा समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएम श्री साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शहर के बौरीपारा निवासी श्रीमती निधि जायसवाल से सीधा संवाद किया। समारोह में महिला एवं बाल विकास विभाग और एसोशिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (एवीए) के संयुक्त तत्वावधान में जिले की 355 ग्राम पंचायतों और 2 नगरीय निकायों को औपचारिक रूप से बाल विवाह मुक्त घोषित किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल (नेटबॉल), महिला सुरक्षा, कृषि, और लघु उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। शासन की योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह ने कहा कि आज का दिन महिलाओं के सम्मान और उनके योगदान को स्मरण करने का अवसर है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। ननि सभापति हरिमन्दर सिंह टिन्नी ने कहा कि महिलाएं समाज की प्रगति की आधारशिला हैं। आज महिलाएं शिक्षा, व्यापार, प्रशासन और सामाजिक क्षेत्र सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जिपं सदस्य श्रीमती पायल सिंह तोमर, ननि एमआईसी सदस्य अनिता रविन्द्र गुप्त भारती, श्रीमती स्वेता गुप्ता, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, निरंजन राय, भाजपा नेता विनोद हर्ष, श्रीमती सोनू तिग्गा, श्रीमती प्रियंका चौबे, श्रीमती सरस्वती, श्रीमती इंदू सहित जिला परियोजना कार्यक्रम अधिकारी जेआर प्रधान अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

- महिला दिवस पर की गई घोषणा, सीएम हुए वर्चुअल रूप से शामिल





### वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दुर्गा प्रसाद माहुले का किया गया देहदान, दो साल पहले स्वयं भरा था फार्म

## जीवन भर की सेवा, अब निधन के बाद शरीर आएगा चिकित्सा शिक्षा के काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के डीसी रोड निवासी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दुर्गा प्रसाद माहुले ने एक अनोखी मिशाल पेश की है। जीवन भर चिकित्सा के क्षेत्र में लोगों की सेवा की और मरीजों की जान बचाने का काम किया तो वहीं अब उनके इस दुनिया से जाने के बाद भी उनका पार्थिव शरीर चिकित्सा शिक्षा के काम आएगा। डॉ. माहुले के निधन उपरान्त उन्हें देह को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पढने वाले एमबीबीएस छात्र छात्राओं के लिए दान किया गया है। इनके इस प्रयास की जिलेभर में जमकर सराहना की जा रही है।

बताया जा रहा है कि शहर के डीसी रोड निवासी व माहुले क्लिनिक के संचालक डॉ. दुर्गा प्रसाद माहुले का शनिवार को शहर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। 78 वर्षीय डॉ. माहुले काफी मिलनसार और वरिष्ठ चिकित्सक थे। उन्होंने लम्बे समय तक चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवा दी। डॉ. दुर्गा प्रसाद माहुले शहर के जाने-माने और सम्मानित चिकित्सक थे। उन्होंने वर्षों तक मरीजों की सेवा कर समाज में अपनी अलग पहचान बनाई। वे न केवल एक कुशल डॉक्टर थे, बल्कि सामाजिक सरोकारों से भी गहराई से जुड़े रहे और उसके बाद स्वयं ही निधन उपरान्त अपने शरीर को चिकित्सा शिक्षा के लिए दान करने का निर्णय लिया। बड़ी बात यह है कि 7 मार्च 2024 को उन्होंने मेडिकल कॉलेज में देहदान के लिए फार्म भरने के साथ ही पंजीयन कराया था और इत्तेफाक ही है कि 7 मार्च 2026 को ही उनका निधन हो गया। निधन उपरांत 8 मार्च को उनके पुत्र अभिनव माहुले ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल को उनका पार्थिव शरीर दान किया। इस दौर्वान प्रभारी अधिष्ठाता एवं एनाटॉमी की विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना सिंह आर्या ने विधिवत कार्यवाही कर देह प्राप्ति की प्रक्रिया पूर्ण की। निधन उपरान्त डॉ. माहुले का देह अब मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पढ़ाई करने वाले एमबीबीएस छात्र-छात्राओं की शिक्षा के काम आएगा। वे इस देह के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा हासिल कर मरीजों की सेवा करने का कार्य करेंगे। प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. आर्या ने बताया कि वर्तमान में एनाटॉमी विभाग में 12 देह उपलब्ध है और अभी तक विभाग को देहदान के रूप में यह चौथी देह प्रदान की गई है। इस अवसर पर विभाग के चिकित्सा शिक्षकों में डॉ. परमानंद अग्रवाल एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।



पार्थिव शरीर को सुपुर्द करते परिवार के सदस्य।

## सरगुजा के लोग होली पर गटक गए 1.57 करोड़ की शराब

**अम्बिकपुर**। होली की खुशियां मनाने सरगुजा के लोगों ने एक ही दिन में 1.57 करोड़ की शराब गटक ली। पिछले साल होली पर 1.18 करोड़ की शराब बिकी थी। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार की होली में 39 लाख से अधिक की शराब बिकी है।होली का त्यौहार आबकारी विभाग के राजस्व की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। होली पर हर साल शराब की बिक्री बढ़ रही है जिससे विभाग के राजस्व में भी लगातार वृद्धि हो रही है। होली पर शराब के शौकीन अपने दोस्तों को दावतें देते हैं तथा लोग इन दावतों के माध्यम से होली की खुशियां मनाते हैं। दावतों के माध्यम से होली की खुशियां मनाने का रिवाज भी लगातार बढ़ रहा है। पुराने शौकीन तो इस रिवाज का पालन कर ही रहे हैं बड़ी संख्या में युवा भी इस परंपरा का पालन कर रहे हैं जिससे शराब के शौकीनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अब शराब आधुनिक होने की पहचान भी बन रही है जो आबकारी विभाग के राजस्व के लिए अच्छा माना जा रहा है। विभाग प्रीमियम शराब दुकान के माध्यम से विभिन्न ब्रांडों की उम्दा शराब भी उपलब्ध करा रहा है। प्रीमियम शराब दुकान खुलने से शौकीनों को काफी सुविधा मिली है। होली पर प्रीमियम शराब दुकान से 41 लाख की रिकार्ड शराब की बिक्री हुई है। शौकीनों ने होली की खुशियां मनाने प्रीमियम शॉप से अपनी पसंद की महंगी शराब की जमकर खरीदी की है। प्रीमियम शॉप में पहली बार एक दिन में 41 लाख की बांडेड शराब बिकी है।

आबकारी विभाग के उप संचालक लक्ष्मीकांत गायकवाड़ ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार होली पर एक दिन में 39 लाख रूपये से अधिक की शराब बिकी है।

**खबर संक्षेप**

## भाजपा मंडल प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी नियुक्त



**मनेन्द्रगढ़।** भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से मंडल प्रशिक्षण वर्ग प्रभारियों की घोषणा की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के विभिन्न मंडालों में प्रशिक्षण वर्ग के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जारी सूची के अनुसार जनकपुर मंडल में आशीष मजूमदार और हीरालाल यादव को जिम्मेदारी दी गई है। कोटाडोल मंडल में गौरी सिंह एवं पवन शुक्ला को वर्ग प्रभारी बनाया गया है। वहीं कुंवारपुर मंडल में जमुना पांडेय और फलेन्द्र चेरवा को दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह केल्हारी मंडल में संजय राय तथा आनंद गुप्ता को नियुक्त किया गया है। नागपुर मंडल में सरोज यादव और रामचरित द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई है। हसदेव मंडल में आशीष सिंह और श्रीमती प्रवीण सिंह को प्रशिक्षण वर्ग का प्रभारी बनाया गया है। मनेन्द्रगढ़ मंडल में राज कुमार वधावन तथा अरविंद अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। चिरमिरी मंडल में रामलाल साहू और मनोज जैन को नियुक्त किया गया है। वहीं खड़गवां मंडल में द्वारिका जायसवाल तथा सोनमती उरे को वर्ग प्रभारी बनाया गया है।

## दर्शना से मिली भाजपा जिलाध्यक्ष पावले



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के जनकपुर की बेटी कुमारी दर्शना सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में 383 वीं रैंक प्राप्त कर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के लिए चयनित होकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। दर्शना सिंह की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दर्शना सिंह नगर पंचायत जनकपुर के निवासी अरूण सिंह एवं नगर पंचायत जनकपुर की पार्षद श्रीमती सीमा सिंह की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरा जनकपुर और एमसीबी जिला गर्व महसूस कर रहा है। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले जनकपुर पहुंचकर दर्शना सिंह से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दर्शना ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल कर जिले की बेटियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान

# समानता और निर्णय लेने का अधिकार ही महिला सशक्तिकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर







अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिले की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि जिले की महिलाएं सशक्त हैं और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली हर माह एक हजार रूपए की राशि से कई महिलाएं स्टेशनरी, किराना और सिलाई की दुकानें खोलकर स्वरोजगार कर रही हैं, वहीं कुछ महिलाएं इस राशि का उपयोग अपने बच्चों और पोते-पोतियों की पढ़ाई में कर रही हैं। कलेक्टर ने कहा कि बचत करने का गुण महिलाओं में बचपन से ही होता है। उन्होंने बताया कि जिले की महिलाएं कोरिया मोदक लड्डू बनाकर और पोषण संगवारी के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध करा रही हैं, जिससे जन्म लेने वाले शिशुओं का स्वास्थ्य बेहतर हो सके। उन्होंने कोरिया मिलेट्स का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं ने अपने परिश्रम और हुनर से स्वादिष्ट व स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन और नाश्ते तैयार कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि वास्तविक महिला सशक्तिकरण तब माना जाएगा जब महिलाओं को समानता के साथ निर्णय लेने का अधिकार भी मिले। हर महिला और हर बेटी को पढ़ने, लिखने और काम करने का पूरा अधिकार है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने महिलाओं को पर्यटन क्षेत्र में भी आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही होमस्टे के माध्यम से घर के एक कमरे को पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराकर और स्थानीय भोजन की व्यवस्था कर आर्थिक लाभ अर्जित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान छोटी-छोटी बच्चियों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इन बच्चों के प्रतिभा को देखकर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा सचमुच हुनर का कोई उम्र नहीं होता, ऐसे प्रतिभाओ को मंच मिले तो परिवार व समाज का नाम रोशन करते हैं।

# चैत्र नवरात्रि की तैयारियां शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



आगामी 19 मार्च से शुरू हो रही चैत्र नवरात्रि को लेकर पूरे मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। नवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के सभी देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, ज्योति कलश स्थापना, भजन-कीर्तन और विभिन्न धार्मिक आयोजनों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर समितियों और श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट का कार्य भी जोर-शोर से किया जा रहा है।

मनेन्द्रगढ़ नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थित प्रमुख देवी मंदिरों में इस वर्ष भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। शहर के शीतला माता की मढ़िया, काली बाड़ी, बस स्टैंड के नीचे स्थित काली मंदिर, लेदरी छोटे सिद्धबाबा स्थित दुर्गा मंदिर, आमाखेरवा रोड स्थित दुर्गा धाम मंदिर, कॉलेज के पास स्थित दुर्गा मंदिर, सरोवर मार्ग स्थित काली मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में नवरात्रि के दौरान भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिलेगा। इन मंदिरों में श्रद्धालु माता दुर्गा की आराधना के लिए प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना करेंगे और माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। मंदिर समितियों द्वारा बताया गया है कि नवरात्रि के दौरान मंदिरों में विशेष सजावट की जाएगी। रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और आकर्षक सजावट से मंदिरों को भव्य रूप दिया जाएगा। साथ ही सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्रि के नौ दिनों तक भक्त माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। कई श्रद्धालु इस दौरान उपवास रखकर माता की आराधना करते हैं। वहीं विभिन्न स्थानों पर देवी जागरण, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी काफी संख्या में श्रद्धालु ज्योति कलश स्थापित कर माता दुर्गा से सुख-समृद्धि, शांति और परिवार की खुशहाली की कामना करेंगे। नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और मंदिरों में तैयारियों का दौर लगातार जारी है। धार्मिक आस्था और श्रद्धा के इस पर्व को लेकर पूरे मनेन्द्रगढ़ नगर सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष उत्साह का माहौल है।

## तमजीरा में जल महोत्सव का शुभारंभ




जल शक्ति मंत्रालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च से 22 मार्च तक देशभर में मनाए जा रहे जल महोत्सव के तहत कोरिया जिला के बैकुंठपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम तमजीरा में जल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की सहभागिता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती पुष्पा सिंह, पंच श्रीमती ललिता सिंह, श्रीमती कमलादेवी, जल मित्र सुशीला साहू तथा जल बहनियां उपस्थित रहीं। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर ने जानकारी दी कि जल महोत्सव 8 से 22 मार्च तक चलने वाला पखवाड़ा है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों को जल आपूर्ति संपत्तियों का औपचारिक हस्तांतरण, जल गुणवत्ता परीक्षण और निगरानी को मजबूत करना तथा सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना है।

## महिला बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेलो इंडिया लघु केन्द्र तलवापारा बैकुंठपुर में महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। खेल युवा कल्याण विभाग के द्वारा जिसके मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता के उपस्थिति में संपन्न हुआ दो कैटेगरी में टूर्नामेंट का आयोजन कराया गया। जूनियर सीनियर जिसमें सीनियर कैटेगरी में श्रद्धा घोष प्रथम दिव्यांशी पटेल द्वितीय पुरस्कार शासविका सिंह तृतीय पुरस्कार विजेता रही। जूनियर कैटेगरी में काव्या राजवाड़े प्रथम, सौम्या कुजूर द्वितीय, दीप शिखा पांडे तृतीय पुरस्कार विजेता रही। इस अवसर पर जितेन्द्र गुप्ता, कोच श्यामल मित्रा, धर्मेन्द्र सिंह, सौरभ सिंह, भूपेन्द्र पाल, प्रकाश साहू, प्रवीण पटेल, गणेश चंद राजवाड़े सहित अन्य खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनीं कुसुम




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोरिया जिला के बैकुंठपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत चारपारा की रहने वाली श्रीमती कुसुम के लिए यह दिन खास बन गया। ग्राम पंचायत द्वारा उनकी आजीविका डबरी का निर्माण पूरा कर उन्हें सौंप दिया गया, जिससे उनके लिए स्वरोजगार के नए रास्ते खुल गए हैं। समूह से जुड़कर मेहनत, समर्पण और एकजुटता के साथ कार्य करते हुए कुसुम अपने क्षेत्र में महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। पिछले तीन-चार वर्षों से वह सक्रिय रूप से समूह से जुड़कर काम कर रही हैं और गांव में महिलाओं को संगठित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। लगभग 25 गुणा 25 मीटर आकार में बनी इस आजीविका डबरी के निर्माण पर करीब ढाई लाख रूपए की लागत आई है। राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार इसका निर्माण कराया गया और सूचना पटल पर कुसुम का नाम उनके लोकोस आईडी के साथ दर्ज किया गया है।

## जेवर दुकान से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कुसमी।** कुसमी बस स्टैंड के समीप स्थित बैजनाथ ज्वेलर्स एवं ओम वस्त्रालय में गुरूवार को भोर में दो दुकानों का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने ग्राम बकसपुर निवासी आरोपी गजेन्द्र उर्फ छोटू पैकरा आ. रविन्द्र पैकरा (22 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने ज्वेलरी दुकान से चांदी के पायल, थाली एवं अन्य जेवर चोरी करने का आरोप स्वीकार किया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी गजेन्द्र उर्फ छोटू पैकरा आ. रविन्द्र पैकरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने चोरी करने की बात स्वीकार किया।

# 60 लाख की चोरी मामले में ऑडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अनूपपुर

जिले के कोतमा क्षेत्र में हुई करोड़ों की आहट वाली बड़ी चोरी अब पुलिस के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। बदरा स्थित पेट्रोल पंप संचालक संग्राम सिंह के सूने घर में 19 जनवरी की रात चोरों ने बेखौफ होकर लगभग 60 लाख रूपए से अधिक के सोने-चांदी के जेवर, नगदी और पूजा सामग्री पर हाथ साफ कर दिया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सीतापुर क्षेत्र से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था, लेकिन अब वायरल हुए 8 मिनट के ऑडियो ने पूरे मामले में नई सनसनी फैला दी है।

ऑडियो में कथित तौर पर जांच से जुड़े पुलिसकर्मी और पीड़ित के बीच बातचीत में आरोप लगाया गया है कि एक वाहन मालिक कुर्बान को बचाने की कोशिश की जा रही थी और इसके बदले एक लाख रूपए की मांग की गई रही है। पीड़ित का कहना है कि इतनी बड़ी चोरी के बावजूद अब तक मात्र करीब 9 लाख रूपए के गहनों की बरामदगी ही हो पाई है। वहीं कई स्थानीय संदिग्धों को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया, जिससे पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। 19 जनवरी की रात चोर लग्जरी कार से बदरा पहुंचे और संग्राम सिंह के सूने घर को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर में रखे सोने-चांदी के गहने, नगदी और पूजा सामग्री सहित करीब 60 लाख रूपए से ज्यादा का सामान पार कर दिया। वारदात इतनी सुनियोजित थी कि चोर आराम से घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और पुलिस ने विशेष टीम बनाकर जांच शुरू की थी। चोरी की जांच के दौरान सामने आया 8 मिनट का ऑडियो अब पूरे मामले में नई हलचल पैदा कर रहा है। वायरल ऑडियो में कथित तौर पर पुलिस अधिकारी और पीड़ति के बीच बातचीत सुनाई दे रही है, जिसमें वाहन मालिक को बचाने और एक लाख रूपए के लेनदेन की बात सामने आ रही है। इस ऑडियो के सामने आने के बाद पुलिस की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।



वह मकान जहां चोरी हुई।

### जांच कराई जा रही है

विवेचना में लापरवाही पर उप निरीक्षक को निलंबित किया गया है। वायरल ऑडियो की भी जांच कराई जा रही है।

-**मोती उर रहमान**, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर

## समस्याओं को लेकर उच्च स्तरीय बैठक

**बिजुरी।** कोतमा विधायक एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद बिजुरी के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जमुना-कोतमा और हसदेव क्षेत्र के खदान प्रभावित परिवारों के पुनर्वास रोजगार और मुआवजे जैसे गंभीर विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री श्री जायसवाल ने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि प्रभावितों के हक में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक का मुख्य केन्द्र ओपन खदान डोला के अंतर्गत आने वाले राम मंदिर के समीप निवासरत परिवार रहे। राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि इन प्रभावित परिवारों को दो माह के भीतर मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए। साथ ही नियमानुसार उनके विस्थापन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा गया है ताकि खदान विस्तार के कारण उन्हें किसी भी प्रकार की असुरक्षा का सामना न करना पड़े।

# अफीम की खेतीः कांग्रेस ने साधा निशाना




**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा रविवार को राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता आयोजित की गई।

पत्रकारवार्ता में जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने संबोधित करते कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में एक फार्महाउस के अंदर लगभग 10 एकड़ में अफीम की खेती के कथित खुलासे को गंभीर बताते हुए भाजपा सरकार पर नशे के कारोबार को संरक्षण देने का आरोप लगाया। यह अफीम की खेती भाजपा से जुड़े एक नेता द्वारा कराए जाने की जानकारी सामने आई है, जो पूर्व में किसान मोर्चा में पदाधिकारी रह चुका है और वर्तमान में भाजपा के एक प्रकल्प में प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी निभा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के कई बड़े नेताओं के साथ उसकी तस्वीरें भी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं, जिससे उसके राजनीतिक संबंध स्पष्ट होते हैं। पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला ने कहा कि बिना सत्ता के संरक्षण के इतनी बड़ी मात्रा में खुलेआम अफीम की खेती संभव नहीं है।

भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में जुआ, सट्टा, शराब तस्करी और नशे का कारोबार तेजी से बढ़ा है और इसके कारण युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जा रही है। कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। बावजूद इसके सरकार और प्रशासन इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल साबित हो रहे हैं। कांग्रेस ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए गृहमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, नजीर अजहर, योगेश शुक्ला, अशोक जायसवाल, प्रवीर भट्टाचार्य, हेमसागर यादव, बिहारी लाल राजवाड़े, भूपेन्द्र यादव, आशीष यादव, कृष्ण कुमार राजवाड़े, अनिल जायसवाल, यूसुफ इराकी, आशीष डबरे, दीपक गुप्ता, पार्षद धीरज शिवहरे, राजीव गुप्ता, जाग्रत कुर्रे, रियाजउद्दीन, एजाज गुड्डू, एसएन मोदी, संजोती मरकाम, श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह, चांदनी सोनी आदि उपस्थित रहे।

# रसोई गैस की बढ़ी कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**बैकुंठपुर।** घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रूपए तथा कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रूपए की बढ़ोतरी के विरोध में 8 मार्च को जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा कुमार चौक में विरोध प्रदर्शन करते हुए देश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। रसोई गैस आम जनता की दैनिक आवश्यकता है, लेकिन बार-बार कीमतों में वृद्धि से लोगों को गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने बढ़ी हुई गैस कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

# संजीवनी 108 में गूंजी किलकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



संजीवनी एक्सप्रेस वाहन से गर्भवती महिला को सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल लाने के दौरान अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही महिला को प्रसव पीड़ा बढ़ने पर संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस वाहन के ईएमटी कौशल कुमार की टीम ने वाहन में ही सुरक्षित प्रसव कराया, जिससे एम्बुलेंस में ही बच्चे की किलकारी गूंजने लगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम इंदरपुर केराझरिया निवासी गर्भवती महिला प्रमिला पति महेन्द्र को प्रसव पीड़ा होने पर डायल 108 संजीवनी एक्सप्रेस वाहन को शनिवार की देर रात्रि में बुलाया। मौके पर पहुंच कर गर्भवती महिला को सुरक्षित प्रसव के लिए जिला अस्पताल एम्बुलेंस से लाया जा रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते में महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ी, तब ईएमटी कौशल कुमार एवं पायलट ललन राजवाड़े के द्वारा महिला को रास्ते में ही सुरक्षित प्रसव कराया। उल्लेखनीय है कि ऐसे कई मामले सामने आए है, जब गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही संजीवनी एक्सप्रेस वाहन में सुरक्षित प्रसव कराया जा चुका है।

सरगुजा मार्केट

डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जन
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 09 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 मार्च 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD
ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप

### शिवम कुमार का चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए

**अम्बिकापुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं के मेधावी छात्र शिवम



कुमार कंवर का चयन इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। शिवम का चयन उनकी असाधारण रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा शिवम को 10 हजार रूपए का पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### चिरायु योजना से मिली विकास को नई पहचान

**वाड्रफनगर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम गौटीयापारा निवासी रामसिंह आयाम के 5 महीने के बेटे विकास सिंह आयाम को नई पहचान मिली है। राम सिंह के होंट जन्म से ही फटे थे। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बीएमओ डॉ.हेमंत दीक्षित के मार्गदर्शन में चिरायु दल द्वारा स्क्रीनिंग उपरांत परिजन को चिरायु योजना से बच्चों की निःशुल्क सर्जरी की जानकारी दी गई तथा परिजन की सहमति से मेडिसिन हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा उसकी सर्जरी की गई। विकास अब पूरी तरीके से स्वस्थ है।

### द्विवेदी बने भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक

**सोनगरा।** भारतीय जनता पार्टी के सहकारिता



प्रकोष्ठ में संगठनात्मक विस्तार के तहत नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की अनुशंसा पर प्रदेश संयोजक प्रवीण दुबे ने जिला संयोजक एवं सहसंयोजकों की घोषणा की है। घोषणा के तहत जिले से शरद चंद्र द्विवेदी को सहकारिता प्रकोष्ठ का जिला सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। संगठन ने उनके लंबे अनुभव, सक्रिय कार्यशैली और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।

### कृपा शंकर उपाध्यक्ष तो दिनेश बने कांग्रेस कमेटी महामंत्री

**लखनपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले के शहर कांग्रेस कमेटी सरगुजा की अनुमोदित कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जारी सूची में कई पदाधिकारियों को संगठन में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। वहीं लखनपुर क्षेत्र के कृपा शंकर गुप्ता को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि दिनेश तायल को जिला कांग्रेस कमेटी में महामंत्री पद दिया गया है। कृपा शंकर गुप्ता और दिनेश तायल दोनों ही लखनपुर क्षेत्र से जुड़े हैं।

### प्रतिभा बनी छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ महिला प्रकोष्ठ की ब्लॉक अध्यक्ष

**प्रतापपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रतिभा गुप्ता को सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ प्रतापपुर के महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। संघ की बैठक मां समलेश्वरी मंदिर के प्रांगण में ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में संघीय गतिविधियों, समस्याओं, संयुक्त संवेदना वर्ष 2026 हेतु सदस्यता प्रारंभ करने पर चर्चा उपरांत पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रतिमा सिंह के जिला उपाध्यक्ष बनने से ब्लॉक में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण अध्यक्ष पद हेतु सर्व सहमति व जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी के अनुमोदन से प्रतिभा गुप्ता प्रधान पाठक प्राथमिक शाला अमारी संकुल केंद्र हरिहरपुर को महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष का पद एवं दायित्व सौंपा गया।

## दो-दो कमरों का घर बनाकर कर देते है बिक्री

# मठपारा क्षेत्र में अतिक्रमणकारी सक्रिय, शासकीय भूमि पर रातों रात खड़ा कर रहे पक्का मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- दिन के बजाय रात में करते है निर्माण

शहर सहित आसपास क्षेत्र स्थित शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का खेल लंबे समय से जारी है। निगम क्षेत्र में जहां निजी भूमि पर पर मकान निर्माण शुरू होते ही नगर निगम के अधिकारी नक्शा परमिशन की जांच के लिए पहुंच जाते हैं, लेकिन शासकीय जमीन पर रातों-रात घर बन जाने की जानकारी तक उन्हें नहीं होती। कुछ इस तरह की स्थिति शहर के मठपारा की है जहां न सिर्फ अतिक्रमण कारी सक्रिय है बल्कि दिन के बजाय रात में ही घर खड़ा कर देते है। ऐसे में अब नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद है।

नगर निगम क्षेत्र के मठपारा क्षेत्र में लंबे समय से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण सक्रिय है। कुछ माह पूर्व ही मुंडा समाज के मुक्तिधाम से लगी शासकीय जमीन पर रातों-रात दो कमरों का घर खड़ा कर दिया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक निर्माण रात के समय तेजी से किया गया, जबकि दिन में वहां कोई मजदूर या निर्माण गतिविधि दिखाई नहीं देती थी। लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि लंबे समय से इस इलाके में इसी तरह शासकीय जमीन पर कब्जा कर मकान बनाए जा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि कुछ लोग शासकीय जमीन पर दो-दो कमरों के मकान बनाकर उन्हें लाखों रुपये में बाहरी लोगों को बेच रहे हैं। इस अवैध कारोबार के चलते शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा हो गया है। मठपारा क्षेत्र में स्थित औद्योगिक परिसर के आसपास काफी मात्रा में शासकीय जमीन मौजूद है, जिसका फायदा उठाकर कुछ लोग रात के अंधेरे में निर्माण कार्य कर रहे हैं। फिलहाल, मठपारा क्षेत्र में शासकीय जमीन पर कब्जा कर मकान बनाने और उन्हें लाखों रुपये में बेचने का खेल बदस्तूर जारी है। ऐसे में समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में किसी शासकीय योजनाओं के लिए शासकीय भूमि कम पड़ सकता है।



मुक्ति धाम के समीप किए गए अतिक्रमण।

**पूर्व में की गई थी कार्रवाई**

मठपारा क्षेत्र में पहले भी कई बार नगर निगम और प्रशासन की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। कार्रवाई के बाद काफी हद तक शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पर अंकुश लगा था। लेकिन कार्रवाई के कुछ समय बाद फिर से उसी जगह या आसपास के क्षेत्रों में अवैध निर्माण शुरू हो जाता है। यही वजह है कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

**अंधेरा का उठाते है फायदा**

मुक्तिधाम से लगी शासकीय भूमि पर हाल ही में हुए निर्माण ने एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले समय में और भी ज्यादा शासकीय जमीन पर कब्जा हो सकता है। लोगों का यह भी कहना है कि अतिक्रमण कारी इतने शातिर है कि दिन के बजाय रात के समय निर्माण करते है जिससे किसी को अवैध कब्जा करने की भनक तक नहीं लगती।

**की जाएगी कार्रवाई**

मठपारा क्षेत्र में जहां भी वर्तमान समय में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर निर्माण कराया गया है उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

-डीएन कश्यप, ननि आयुक्त

# घर में शराब बिक्री कर रही दो महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



घर में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रही महिला संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। टीम ने महिला के

- संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को लम्बे समय से मिल रही थी शिकायत

पास से सात लीटर महुआ शराब जब्त कर उसके विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। महिला को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

क्षेत्र में गश्त रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि शनि मंदिर नमना कला में कई लोगों द्वारा अवैध महुआ शराब बिक्री कर रहे है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने शनि मंदिर नमनाकला में छापामार कार्रवाई की। जहां मोहरमनिया के पास से 7 लीटर महुआ शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) 59 (क) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल किया गया। वहीं पर मोहरमनिया के घर के बगल में खाली घर से 10.5 लीटर महुआ शराब जब्त कर कार्रवाई की गई। पड़ोसियों ने उक्त घर को उत्तम चेरवा का बताया जो मौके से फरार हो गया तथा वहीं रहने वाली सीता चेरवा के घर से 2 लीटर शराब जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। सहायक जिला कार्य अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि शनि मंदिर नमनाकला का क्षेत्र महुआ शराब की बिक्री करने की सूचना काफी दिनों से मिल रही थी। पहले भी 1- 2 बार छापा मारा गया पर लोग भाग जा रहे थे। इस बार दो महिलाएं पकड़ाई और एक आरोपी भाग गया। उसकी भी पतासाजी कर उसको भी जल्द जेल दाखिल किया जायेगा। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक टीआर केहरी द्वारा की गई।। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, कुमारू राम व महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं चंद्रावती सक्रिय रही।

# स्क्रैप अफरा तफरी मामले में आरोपियों पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- जांच रह गई अधूरी, असंगठित कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने पीएम को लिखा पत्र की कार्रवाई की मांग

एसईसीएल भटगांव क्षेत्र की नवापारा खदान में स्क्रैप अफरा तफरी मामले में शामिल अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग पुनः उठने लगी है,इस संबंध में अखिल भारतीय कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा ने प्रधानमंत्री कार्यालय सहित कंपनी के सीएमडी एवं सतर्कता विभाग एसईसीएल बिलासपुर को पत्र लिखकर आरोपी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर मामले को फिर से ताज़ा कर दिया है।

पत्र में बताया गया है कि 25 दिसंबर 2025 को एसईसीएल भटगांव के नवापारा खदान से ऑक्शन के स्क्रैप उठाव के दौरान निर्धारित मात्रा से अधिक स्क्रैप का उठाव ट्रकों से किए जाने का मामला खदान के सुरक्षा अमले की सतर्कता से पकड़ में आया था,घटना के खुलासे के बाद कंपनी की विजलेंस टीम जांच के लिए खदान पहुंची थी,मामले में शामिल सब एरिया मैनेजर सहित खदान के इंजीनियर और कर्मचारियों को अपना बयान दर्ज कराने बिलासपुर तलब भी किया था,आरोप है कि खदान से कई लाख रुपये कीमत के कबाड़ अफरा तफरी मामले में जिस गति से जांच होनी थी और आरोपियों पर कार्यवाही होनी थी,वो घटना के ढाई माह बाद भी नहीं हो सकी है एवं मामले को ठंडे बस्ते में डाले जाने के आरोप लग रहे हैं,मामले में संलिप्त अधिकारियों को आरोप पत्र देकर और तबादला कर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है,जो न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ प्रतीत होता है।

असंगठित कामगार कांग्रेस केसंदीप शर्मा ने पत्र में कहा है कि यदि आरोपी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती है तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा,उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## पीएसीएस को दवा लाइसेंस देने का प्रस्ताव मरीजों की सुरक्षा के लिए खतरा

**अम्बिकापुर।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स ने प्राथमिक कृषि साख समितियों को दवा विक्रय हेतु औषधि लाइसेंस देने के प्रस्ताव का विरोध किया है। संगठन के अध्यक्ष जेएस शिंदे और





महासचिव राजीव सिंघल ने कहा कि दवाओं का वितरण सामान्य व्यापार नहीं है, बल्कि यह अत्यंत जिम्मेदारी और तकनीकी ज्ञान से जुड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि दवाएं जीवन रक्षक उत्पाद हैं और उनको सुरक्षित भंडारण व सही वितरण के लिए पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य होती है। पीएसीएस केंद्रों पर जहां खाद और कीटनाशकों का भंडार होता है, वहां दवाओं के भंडारण से क्रॉस-कंटैमिनेशन का खतरा बढ़ सकता है, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सरगुजा औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष अमित मिंटू अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से ही पर्याप्त संख्या में लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोर उपलब्ध हैं, इसलिए दवा विक्रय के नियमों में किसी प्रकार की शिथिलता देने की आवश्यकता नहीं है। संघ के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने सरकार से मांग की है कि पीएसीएस को दवा लाइसेंस देने के प्रस्ताव को तत्काल निरस्त किया जाए।

# ज्ञानोदय एसोसिएशन में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, महिलाओं को किया गया सम्मानित

**बिश्रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन बिश्रामपुर के सेमिनार हॉल में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली



महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुमारी पार्वती दीदी ब्रह्माकुमारी, कुमारी झरना पाल दीदी, पूजा साहू, इग्नेशिया तिग्गा, उर्मिला साहू, गंगादेवी साहू, चंपा शाह, लखविंदर कौर, मनिता चौधरी, रमिता सिंह, गिरिजा सिंह तथा इंदु राजवाड़े को उनके कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी की दीदी पार्वती ने संबोधित करते हुए मदर टेरेसा के जीवन का प्रेरणादायक वृत्तांत प्रस्तुत किया तथा सेवा, त्याग और समर्पण की भावना के साथ समाज में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पूजा साहू ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने भी इसी कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की है और आज ग्रामीण क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए समूह के माध्यम से कार्य करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही हैं। मनिता चौधरी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं और यदि उन्हें अवसर एवं प्रोत्साहन मिले तो वे समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।चंपा शाह ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास और स्वावलंबन के माध्यम से आगे बढ़ना चाहिए।संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने कहा कि एसोसिएशन लगातार महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है,संस्था के विभिन्न प्रकल्पों में 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारी महिलाएं हैं, जो अपनी सेवाभावना, मेहनत और समर्पण से संस्था के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, कार्यक्रम के सफल बनाने में कॉलेज की शिक्षिका प्रीति, रिंकी एवं अनुराधा का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन सिद्धार्थ तिवारी द्वारा किया गया, जबकि अंत में तुलेश्वर प्रताप सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ब्रह्माकुमारी संस्था ने नारी शक्ति का किया सम्मान

**अंबिकापुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 7 मार्च को विश्व महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सक डॉ. रूपल ठाकुर, सहायक प्रध्यापक पीजी कॉलेज डॉ रश्मीत कौर,



अध्यक्ष जिपं निरूपा सिंह, प्रोफेसर पीजी कॉलेज डॉ. रश्मि चरियानी, सीईओ बलरामपुर नयनतारा सिंह तोमर, सामाजिक कार्यकर्ता मीरा शुक्ला, प्रिंसिपल सरस्वती शिशु मंदिर मीरा साहू, पूर्व जिपं अध्यक्ष फुलेश्वरी सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता वंदना दत्ता, शिल्पा अग्रवाल एवं ब्रह्माकुमारी संचालिका सरगुजा संभाग की बीके विद्या दीदी शामिल हुई। ब्रह्माकुमारी संचालिका सरगुजा संभाग की बीके विद्या दीदी ने कहा कि नारी शुरुआत से पूजनीय हैं, वह स्नेह, करुणा, बलिदान, त्याग की जननी है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय महिलाओं का एक विशाल संगठन है जो मूल्यनिष्ठ समाज की स्थापना एवं चरित्र निर्माण के कार्य में लगातार प्रयासरत है। जिपं सीईओ बलरामपुर नयनतारा सिंह तोमर ने नारी शक्ति के उत्थान में बताया कि वर्तमान समय में मानसिक शांति के लिए आध्यात्मिक शक्ति की आवश्यकता है। आध्यात्मिक शक्ति अर्थात ज्ञान और योग आत्मा और परमात्मा का ज्ञान होना। कार्यक्रम का सफल संचालन बी के प्रतिमा द्वारा किया गया।

### संत इग्नासियुस चर्च में कार्यक्रम

**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम झींगों स्थित संत इग्नासियुस चर्च परिसर ईसाई समाज द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन फादर बर्थोलिनुस केरकेट्टा, सिस्टर बिमला बड़ा के मार्गदर्शन में



किया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन दीपिका तिर्की ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में बसेन सर्कल, करजी सर्कल, राजपुर सर्कल तथा खुखरी सर्कल की महिलाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में फुग्गा दौड़, रस्सी दौड़, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ जैसी खेल गतिविधियों के साथ-साथ दोना-पत्तल सिलाई और पारंपरिक शादी गीतों की प्रस्तुति भी शामिल रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# डीलिस्टिंग की मांग लेकर दिल्ली जाने जनजाति सुरक्षा मंच ने की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



डीलिस्टिंग को लेकर एक बार फिर देश भर में बवाल शुरू हो सकता है, करीब 10 लाख की संख्या में जनजातीय समाज के लोग दिल्ली में महा रैली कर आंदोलन करने की तैयारी कर रहे है।

इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सूरजपुर जिला मुख्यालय में जनजातीय सुरक्षा मंच के बैनर तले कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। जहां डी लिस्टिंग की मांग को लेकर 24 मई को दिल्ली में आयोजित महागर्जना रैली में शामिल होने कहा है। इस दौरान जिले के सभी ग्रामों में ग्राम समिति बनाने तथा दिल्ली जान के लिए लगभग 4 हजार लोगों का विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर जनसंपर्क कर पंजीयन करने की निर्णय लिया गया। इस विषय पर जनजातीय मंच के मार्गदर्शक बीरबल सिंह एवं प्रान्तीय सह संयोजक इंदर भगत ने बताया कि हम लोग गांव में उपवास, ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कराने जैसे कदम उठ रहे हैं. दिल्ली में दिसंबर में हुंकार रैली प्रस्तावित है, जिसमें देश भर से करीब 10 लाख लोगों के पहुंचने की तैयारी है. वर्तमान में प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड में लिखकर डीलिस्टिंग की मांग की जा रही है। इस दौरान संत सिंह, सत्यनारायण सिंह, चंद्रमणि पैकरा, स्वाति सिंह, किरण खेस, आमवती नेताम, जयंती भगत, प्रताप सिंह, विमला भगत, कौशल प्रताप सिंह, मोहर लाल, सुरेश मरकाम सहित जन जातीय सुरक्षा मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** काम कर घर लौटे युवक ने देर रात घर के पीछे पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घुटरापारा निवासी मोहर लाल चेरवा आ. स्व. भोन्टू (28 वर्ष) रंग पुट्टी लगाने का काम करता था। बीती रात काम कर घर आया और हाथ पैर धोने के पश्चात भोजन किया। कुछ समय बाद युवक गुड़ाखू करने घर के पीछे गया। इसी दौरान परिजन को पेड़ से कुछ आवाज आई जिसे सून कर परिजन पेड़ के पास गए तो देखा युवक फांसी में मृत हालत में लटका हुआ था। घटना की सूचना परिजन सहित मोहल्ले के लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी। सुबह पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।

## पदोन्नति के साथ सेवानिवृत्त हुए शिक्षक को दी गई विदाई



**भैयाथान।** ग्राम करौंदा मुड़ा स्थित शासकीय विद्यालय में प्रधान पाठक के रूप में पदस्थ शिक्षक केके साहू फरवरी माह में प्राचार्य पद पर पदोन्नति के साथ सेवानिवृत्त हो गए। शैक्षणिक सत्र पूर्ण नहीं होने के कारण उन्हें दो माह के लिए शासकीय हाई स्कूल खड़गवां में प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं देने की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर ग्राम करौंदा मुड़ा के स्कूल परिवार द्वारा श्री साहू के सम्मान में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने उनके लंबे शिक्षकीय जीवन, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए उपहार भेंट कर विदाई दी। वक्ताओं ने कहा कि श्री साहू ने अपने कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया और विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं शासकीय विद्यालय खड़गवां में भी स्कूल परिवार द्वारा उनका प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने पर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री साहू ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना उनके लिए हमेशा गर्व का विषय रहा है और वे अंतिम समय तक अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करते रहेंगे।

म.प्र. के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी.मिंज अब सिटी हॉस्पिटल अंबिकापुर में प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार और रविवार,
(इस माह 14 और 15 मार्च 2026 ) को उपलब्ध रहेंगे
सिटी हॉस्पिटल
पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, धंजल कॉम्पलेक्स रिंग रोड अम्बिकापुर
Dr. B.MINJ Reg. No. MP- 5597
Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
अगर आप दर्द की दवाई खाकर या फिजियोथेरेपी कराके परेशान हैं तो अवश्य मिलें
SCOPE OF TREATMENT
• कमर दर्द • साइटिका • गर्दन का दर्द • नसों का दर्द • चेहरे पर करेंट जैसा दर्द • या दांतों का दर्द • कैंसर का दर्द • घुटने या जोड़ों का दर्द • अन्य कोई दर्द भी गठिया या पुराना दर्द
• बिना चीरफाड़ के अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ईलाज • TFESI/इंजेक्शन द्वारा ईलाज • लेजर रेडिओफ्रीक्वेंसी अबलेशन मशीन द्वारा दर्द का ईलाज • स्टेम सेल/ पीआरपी ट्रीटमेंट (Regeneration Therapy) • ओजोन थेरपी (स्लिप डिस्क एवं जोड़ों का दर्द)
समय : शनिवार सुबह 10 से 3 बजे तक, रविवार सुबह 10 से 1 बजे तक
88770826055, +919827731775, 6261827790

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशिष कुमार जायसवाल – जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS,DCH,DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS,DNB,Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले – MBBS,DCH,DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया – MBBS,MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता – श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित – MBBS,DNB,Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा – एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि – दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू – फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 9826183780,8224007799,9425583780,9406183780 8224007766,8224007755,9406183780,8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


## खबर संक्षेप

### चोपड़ा ग्राउंड में ब्राइट स्टार फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कल से

**बिश्रामपुर।** नगर के चोपड़ा ग्राउंड मिनी स्टेडियम में कल 10 मार्च मंगलवार से ब्राइट स्टार फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है,इस प्रतियोगिता में 24 टीमें हिस्सा लेंगी,प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।प्रतियोगिता में पहला मैच दोपहर 1 बजे और दूसरा मैच 3 बजे से खेलना तय हूआ है, प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत या नगर पंचायत के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे।

### संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज का आगमन 12 को

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीयसंत मुनि श्री 108 प्रमाण सागर महाराज का छत्तीसगढ़ राज्य में मंगल प्रवेश मनेन्द्रगढ़ से हुआ। मुख्यमंत्री ने उनको राज्यकीय अतिथि का दर्जा प्रदान किया है। मुनि संघ का मंगल विहार शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर की ओर चल रहा है। 12 मार्च को सुबह 8.30 बजे अंबिकापुर में उनकी भव्य मंगल अगवानी होली क्रॉस के सामने से की जाएगी। जैन समाज सभी नागरिकों को आमंत्रित करती है। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया आगामी 26-27 मार्च तक मुनि संघ के रांची झारखंड में पहुंचने की संभावना है। आगामी 30 मार्च को महावीर जयंती के दिन मुनि का दीक्षा दिवस संपूर्ण भारत में गुरुदेव के भक्तों द्वारा मनाया जाएगा एवं रांची में 1 अप्रैल से 6 अप्रैल तक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव गुरु सानिध्य में संपन्न होंगे। आगामी 15 अप्रैल तक गुरुदेव सम्मेद शिखर तीर्थ राज पर पहुंचने की सम्भावना है। गुणायतन की कमेटी द्वारा मुनि संध की भव्य मंगल अगवानी की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।



### शासकीय महाविद्यालय के तीन प्राध्यापकों को मिला पुरस्कार



**कुसमी।** कुसमी महाविद्यालय अंतर्गत तीन प्राध्यापिकाओं डॉ. लक्ष्मी सिंह, विनीता केरकेट्टा, अर्पणा एक्का अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शोध आयोजनों में भाग लेकर विशिष्ट पुरस्कार एवं सम्मान कर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया हैं। ज्ञात हो कि 26 एवं 27 फरवरी को जशपुर स्थित शासकीय विजय भूषण सिंह कन्या महाविद्यालय में इंटीग्रेटिंग , बायोडायवेसिटी ,एनवायरमेंट प्रोटेक्शन ट्रेडिशनल नालेज फोर सस्टेनेबल फ्यूचर विषय पर आयोजित अंतराष्ट्रीय सेमिनार में कुसमी स्थित महाविद्यालय प्राचार्य सहित अन्य प्राध्यापकों ने भाग लिया। तीन प्राध्यापिकाओं ने शोध पत्र को प्रस्तुत किया था।

### निखिल ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण कर किया क्षेत्र का नाम रोशन

**सूरजपुर।** शहर के होनहार छात्र निखिल कुमार साहू ने चार्टर्ड अकाउंट की इंटरमीडिएट परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। सूरजपुर निवासी निखिल कुमार साहू प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय विद्यालय ग्लोबल पब्लिक स्कूल से की। छात्र जीवन से ही वे पढ़ाई में मेधावी और परिश्रमी रहे हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा के साथ-साथ चार्टर्ड अकाउंट की कठिन परीक्षा की तैयारी में निरंतर मेहनत की और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। निखिल की इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और कठिन परिश्रम को दिया है।



### दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन कुसुमलता होंगी शामिल

**सूरजपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में 9 मार्च को नई दिल्ली में ओबीसी कांग्रेस राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन प्रातः 10.30 बजे से कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन, कोटला मार्ग में आयोजित होगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी रहेगी। इस सम्मेलन का आयोजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक और संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने के विषय पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर भी चर्चा होगी। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े भी शामिल होंगी। वे सम्मेलन में भाग लेकर महिलाओं के अधिकार, सशक्तिकरण और संगठन से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखेंगी।



### शराब पीकर वाहन चलाने पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड

**अंबिकापुर।** ड्रंक एंड ड्राइव के मामले में सरगुजा पुलिस ने कार्रवाई की है। बतौली पुलिस ने पल्सर मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 ईजे 5683 के चालक बतौली निवासी 21 वर्षीय अभिषेक पोर्ते आ. बाल कुशुन पोर्ते की जांच की गई। जांच के दौरान युवक शराब के नशे में धुत मिला। ऐसे में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया था। न्यायालय से युवक पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है।

कर्मचारियों को नहीं मिल रहा नियमित वेतन

# उत्पादन घटने से चरमराई शक्कर कारखाने की आर्थिक हालत, तंगी से जूझ रहा प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- अन्य खर्चों में भी कटौती, भविष्य में बढ़ेगी समस्या

इस बार लक्ष्य से आधा शक्कर उत्पादन होने के कारण मां महामाया शक्कर कारखाना आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। कारखाना प्रबंधक न तो कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान कर पा रहा है न ही अन्य आवश्यक कार्य। समय पर किसानों के गन्ना का भुगतान करना भी प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। पिछले दो सालों से गन्ने के आवक में कमी आने से मां महामाया शक्कर कारखाने के शक्कर उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। कारखाने की क्षमता 40 लाख क्विंटल गन्ना की पेराई करने का है लेकिन पिछले साल मात्र 20 लाख क्विंटल गन्ने की आवक हुइ। इस बार गन्ने की आवक 12 लाख क्विंटल में सिमट गई जिसका प्रभाव उत्पादन पर पड़ा। इधर सरकार ने खुले बाजार में नीलामी के माध्यम से शक्कर विक्रय पर रोक लगा दी हैं। विभाग शासन द्वारा हर महीने जारी कोटे के अनुसार राशन दुकानों के माध्यम से हितग्राहियों को वितरण के लिए नागरिक आपूर्ति निगम को शक्कर उपलब्ध कराता है। नीलामी बंद होने से प्रबंधक को शक्कर विक्रय से होने वाली अतिरिक्त आय भी बंद हो गई है। पूर्व में नागरिक आपूर्ति निगम अग्रिम राशि भुगतान कर कारखाना से शक्कर लेता था। अब नान ने कारखाना को शक्कर का अग्रिम भुगतान बंद कर दिया है। समय पर शक्कर का भुगतान नहीं मिलने के कारण कारखाना प्रबंधन आर्थिक तंगी से जूझ रहा है तथा न तो कर्मचारियों को नियमित वेतन का भुगतान कर पा रहा है न ही अन्य आवश्यक कार्य। कारखाना की आर्थिक हालत को सुधारने के लिए प्रबंधन शासन से अग्रिम राशि मिलने अथवा मंडी बोर्ड से कम ब्याज पर कर्ज लेने की पहल कर रहा है। गन्ना के रकबे में वृद्धि करने के साथ ही पूर्व की तरह कारखाना के प्रति किसानों का विश्वास अर्जित करना भी कारखाना प्रबंधन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।



**खर्चों में कटौती**

शक्कर की राशि ही कारखाना प्रबंधन की आय का प्रमुख स्त्रोत है। उत्पादन कम होने से कारखाने की आय में भी कमी आई है। भविष्य में भुगतान संबंधी समस्याओं को देखते हुए प्रबंधन लगातार खर्चों में कटौती कर रहा है तथा ठेका श्रमिकों की संख्या कम करने के साथ ही अन्य खर्चों में भी लगातार कटौती कर रहा है। आर्थिक तंगी के दौर में नियमित कर्मचारियों के कार्यों को बढ़ा दिया गया है। प्रबंधन 100 नियमित कर्मचारियों के माध्यम से सभी आवश्यक कार्यों को करा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आय में कमी आने के कारण अब कम खर्च में सभी कार्यों को संचालित करना सभी की मजबूरी है तथा ऐसा नहीं करने पर भविष्य में कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है।

### कर्मचारियों के वेतन से गन्ना भुगतान

कारखाना प्रबंधन की आर्थिक तंगी का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि किसानों को समय पर गन्ना का भुगतान करने के लिए कर्मचारियों का दो महीने का वेतन रोकना पड़ा। प्रबंधन ने कारखाना को गन्ना आपूर्ति करने वाले 7088 किसानों को 37 करोड़ 42 लाख रूपए से अधिक का संपूर्ण भुगतान कर दिया है। नागरिक आपूर्ति निगम से भुगतान मिलने पर कर्मचारियों के वेतन का भी भुगतान हो जाएगा लेकिन आगामी सीजन में कारखाना चलाने के लिए बड़ी राशि की जरूरत पड़ेगी। इधर किसान भी लगातार दर संशोधित करने एवं गुड़ फैक्ट्री संचालकों द्वारा निर्धारित गन्ने की राशि भुगतान करने की मांग कर रहे हैं। किसानों का विश्वास जीतना एवं गन्ना के रकबा में वृद्धि करना भी प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती है। गन्ना किसानों को प्रेरित करने के उद्देश्य से उन्हें उन्नतशील बीज एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। आर्थिक तंगी के लिए शासन से शक्कर की अग्रिम राशि एवं कम ब्याज पर ऋण लेने की पहल की जा रही है।

-आकाशदीप पात्रे
एमडी, शक्कर कारखाना



## पण्डो समुदाय को हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- राजकटेल पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष

ग्राम राजकटेल में भूमि अतिक्रमण के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने गांव पहुंचकर पंडो विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी गई तथा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि मुसलमानों द्वारा उनकी भूमि पर जबरन कब्जा कर अवैध रूप से मकान निर्माण किया गया है तथा सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि पर भी जबरन खेती किए जाने की शिकायत सामने आई है। इस मामले को लेकर क्षेत्र में लगातार चर्चा बनी हुई है। भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पंडो समाज के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी उनके साथ खड़ी है तथा मामले में वैधानिक और विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में गरीब और आदिवासी समाज के लोगों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि भूमि विवाद को लेकर विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। प्रशासनिक स्तर पर भी मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देशन में जांच कराई गई है। जांच के उपरांत संबंधित लोगों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 170-ख के तहत नोटिस जारी किया गया है।

इस संबंध में एसडीएम वन सिंह नेताम ने बताया कि धारा 170 ख के तहत 27 फरवरी को एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों को नोटिस जारी किया गया है। 20 मार्च को प्रकरण को लेकर एसडीएम न्यायालय में सभी को पेश होना है।



## कमर्शियल गैस की कीमतों की वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घरेलू और कमर्शियल गैस की कीमतों के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा द्वारा जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया।

कांग्रेस का आरोप है कि मध्यपूर्व में युद्ध प्रारंभ होने पर मोदी सरकार ने लगातार यह दावा किया था कि देश में पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याय भंडारण है और कीमतों में वृद्धि नहीं होगी लेकिन 7 मार्च से घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपए और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 115 रुपए की वृद्धि तेल कंपनियों के द्वारा की गई है। यह वृद्धि उज्ज्वला उपभोक्ताओं पर भी लागू की गई है। सिर्फ कीमतों में ही वृद्धि नहीं हुई है, साथ ही दूसरे सिलेंडर की रिफलिंग जो 16 दिनों में होती थी का समय बढ़ाकर 21 दिन कर दिया है। सरकार चाहती तो करों में कटौती कर आम जनता को राहत दे देती। लेकिन सरकार ने युद्ध की आड़ में देश की जनता को महंगाई का तोहफा दे दिया है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि यह सब एप्सटीन फाइल और अपने आकाओं के दबाव में मोदी सरकार अमेरिका परस्त हो गई है। इसका परिणाम था कि उसने रशिया से तेल और गैस खरीदना बंद कर दिया। आज युद्ध की स्थिति में मध्यपूर्व के देशों पर निर्भरता ने देश को महंगाई में झोंक दिया है। इस स्थिति के बावजूद सरकार करों में कटौती कर आम जनता को राहत दे सकती थी लेकिन इस सरकार ने आम जनता के बजाए तेल कंपनियों के हित को देखा। इस दौरान दुर्गेश गुप्ता, संजय सिंह, अनूप मेहता, लोकेश कुमार, गुरप्रीत सिद्धू, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, विकल झा, आलोक सिंह, अमित सिन्हा, हिमांशु जायसवाल, आशीष जायसवाल, अमित सिंह, विकास केशरी, सुरेंद्र गुप्ता, आकाश अग्रहरि, अली सोहेल, शिवराज सिंह, अंकित जायसवाल, ऋषभ जायसवाल आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण बैंक में सेंधमारी के प्रयास मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के कुमदा स्थित छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक में सेंधमारी कर चोरी के प्रयास करने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है,आरोपी ने बैंक की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसने और तिजोरी खोलने का प्रयास किया था,पुलिस के अनुसार बैंक प्रबंधक धीरेंद्र मौर्य ने 5 मार्च को थाना बिश्रामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 मार्च की शाम बैंक बंद करने के बाद अज्ञात व्यक्ति ने बैंक के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर अंदर प्रवेश किया। इस दौरान तिजोरी का हैंडल तोड़ दिया गया और सीसीटीवी कैमरे का तार भी काट दिया गया। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर कुमदा कॉलोनी निवासी राजेंद्र चतुर्वेदी (45 वर्ष) को गिरफ्तार किया,पूछताछ में आरोपी ने बैंक में चोरी का प्रयास करने के साथ ही पिछले दिनो कुमदा कॉलोनी स्थित नरेश कुमार बुधिया के गैराज में हुई करीब एक लाख रुपये से अधिक की चोरी की घटना को भी अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान और घटना में प्रयुक्त औजार बरामद कर लिया है,आरोपी को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश राठौर,सहायक उपनिरीक्षक विशाल मिश्रा,गुड्डू कुशवाहा,सोहर लाल,अखिलेश पांडेय सहित पुलिस टीम सक्रिय रही।



## मोबाइल दुकान में चोरी, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पौने तीन लाख कीमत के 27 नग नये व पुराने रिपेयर मोबाइल किये गये बरामद

थाना क्षेत्र के बस स्टैंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स स्थित श्रीराम मोबाइल दुकान में पिछले दिनो सेंध मार कर हुई कई लाख रुपये की चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए दर्जनों मोबाइल फोन सहित सेंधमारी में प्रयुक्त औजार भी बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार माइनर्स कॉलोनी निवासी अमित कुमार सिंह ने 1 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 फरवरी की रात को दुकान बंद कर घर जाने के बाद अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे दीवार में सेंधमारी कर 17 नग नए मोबाइल और 10 ग्राहकों के रिपेयरिंग के लिए रखे पुराने मोबाइल चोरी कर लिए थे,चोरी किये गए मोबाइलों की कुल कीमत करीब 2 लाख 70 हजार रुपये बताई गई,मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की,मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तालाबपारा निवासी अभिषेक गुप्ता उर्फ गोलू और विमल उर्फ नान को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसमें दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए मोबाइल बरामद कर लिए गए,पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश राठौर,सहायक उपनिरीक्षक विशाल मिश्रा, गुड्डू कुशवाहा, अखिलेश पांडेय, शिव राजवाड़े, खेल साय, उमेश राजवाड़े, मनोज शर्मा, योगेश्वर कंवर सहित अन्य पुलिस कर्मी सक्रिय रहे।



## इको टूरिज्म विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

- रामगढ़ की ऐतिहासिक गुफाओं पर हुई चर्चा

शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय में इको टूरिज्म विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का उदघाटन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राधेश्याम सिंह ठाकुर तथा प्राचार्य डॉ.एसके श्रीवास्तव मुख्य वक्ता शिरीष मिश्रा के आतिथ्य में किया गया। कार्यशाला में प्राचार्य प्रो.वंदना पाण्डेय ने कहा कि इको टूरिज्म के माध्यम से प्रकृति संरक्षण और स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग को बढ़ावा दिया जा सकता है।

राधेश्याम सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से सरगुजा के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी साझा की। डॉ.एसके श्रीवास्तव ने वैश्विक पर्यटन परिदृश्य के साथ भारत और छत्तीसगढ़ में पर्यटन की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने युवाओं से प्रकृति संरक्षण और पर्यटन स्थलों के विकास में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता शिरीष मिश्रा ने रामगढ़ स्थित ऐतिहासिक सीता बेंगरा और जोगीमारा गुफा से संबंधित जानकारी साझा की तथा प्राचीन धरोहरों के ऐतिहासिक, पौराणिक और सांस्कृतिक पक्षों एवं गुफाओं में अंकित लिपियों को आकृति लिपि, शंख लिपि तथा भाव-चित्रात्मक लिपि के माध्यम से समझाया। उन्होंने कहा कि पर्यटन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संरक्षण का महत्वपूर्ण साधन भी है। उन्होंने ग्रामीण एवं जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का समन्वय मुकेश कुमार रजक ने किया जबकि मंच संचालन उमेश ओहदार ने किया।




### योग शिविर की तैयारियों को लेकर हुई समिति की बैठक

**अम्बिकापुर।** अप्रैल माह में कला केन्द्र मैदान में आयोजित होने वाले योग शिविर तथा 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के संबंध में रविवार को पतंजलि योग समिति की बैठक हुई। बैठक में शिविर की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई तथा विभिन्न संगठनों से संपर्क कर सभी की भागीदारी के लिए सघन जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव छत्तीसगढ़ प्रभारी स्वामी नरेंद्र देव उपस्थित रहेंगे। शिविर में विभिन्न रोगों से मुक्त होकर जीवन जीने की जानकारी दी जाएगी। बैठक में सह राज्य प्रभारी कमलेश योगी, जिलाध्यक्ष रविभूषण गुप्ता, योग शिक्षक संजय श्रीवास्तव, महामंत्री कंचन गुप्ता, डा.दिनेश सिंह, सुधीर पाण्डेय, विकास पाण्डेय, बीएन भगत, राधेश्याम गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## हर बूथ तक पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा का काम : पैकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- किसान मोर्चा की परिचयात्मक बैठक एवं होली मिलन संपन्न

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा किसान मोर्चा की परिचयात्मक बैठक एवं होली मिलन समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा शामिल हुए।

कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्ष–महामंत्रियों का परिचय कराया गया। इस अवसर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव के किसानों तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि रामसेवक पैकरा ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और किसानों की समृद्धि ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के हित में निरंतर ठोस और दूरगामी निर्णय ले रही है। साथ ही भूमिहीन कृषकों को 10 हजार रुपये की सहायता राशि देने की योजना को राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल बताया।

उन्होंने किसान मोर्चा के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को शासन की योजनाओं की जानकारी दें और संगठन के कार्य को हर बूथ तक मजबूत करें। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री लवकेश पैकरा एवं अजय अग्रवाल ने वही आभार प्रदर्शन जिला कोषाध्यक्ष मनमत बछाड़ ने किया। कार्यक्रम के दौरान होली मिलन के अवसर पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्ण वातावरण में एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर फूलों की होली खेली और आपसी भाईचारे व संगठनात्मक एकता का संदेश दिया।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई, 25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411